दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 27 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार जोर–शोर से जारी है। इस चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद सीटों पर एक जून को मतदान होना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के खुसरूपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अंशुल अभिजीत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री गांधी ने दावा किया की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि चार जून के बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी और अग्निवीर जैसी योजनाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। श्री गांधी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के पालीगंज में राजद उम्मीदवार मीसा भारती के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने दस वर्षो के कार्यकाल में लोगों के हितों की अवहेलना की है। दोनों सभाओं को राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया। राहुल गांधी आरा संसदीय क्षेत्र के जगदीशपुर में भी एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नालंदा संसदीय क्षेत्र के हिलसा में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री कुमार ने यहां रोड शो भी किया। श्री कुमार ने कहा कि दो हजार पच्चीस तक राज्य में दस लाख सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा। इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के मनेर में पार्टी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश को स्थायी नेतृत्व दे सकते है। श्री यादव का पटना साहिब लोकसभा सीट के कालादियारा मैदान और टेकाबिगहा मैदान में भी पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी श्री यादव के साथ मौजूद है।

निर्वाचन आयोग ने छठे चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में पच्चीस मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। संशोधित आंकड़ों के अनुसार कुल सत्तावन दशमलव एक आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में एक दशमलव दो नौ प्रतिशत कम है। सबसे अधिक वैशाली संसदीय क्षेत्र में बासठ दशमलव पांच नौ प्रतिशत मतदान हुआ है।

———————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों के भिविन्न स्थानों पर भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के पन्द्रह से अधिक जिलों में पारा चालीस डिग्री सेल्सियस से उपर रिकॉर्ड किया गया। बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि राज्य के दक्षिणी भागों में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले कुछ दिनों तक विभिन्न स्थानों पर लू चलने की संभावना है। वहीं, कई स्थानों पर रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जाने से गर्म रात्री की स्थिति बनी रहेगी।

———————————————————

इधर, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान रेमल के प्रभाव से पश्चिम बंगाल से सटे राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, और भागलपुर समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर अगले दो दिनों तक आंधी–बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है। इधर, पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में रेमल तूफान के व्यापक प्रभाव के मद्देनजर पटना–कोलकाता के बीच कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

———————————————————

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के सिलसिले में आज बोधगया स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से सामूहिक योग अभ्यास शिविर का

आयोजन किया गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक डॉक्टर काशीनाथ समागंडी ने किया। शिविर की शुरूआत शंखनाद के साथ हुयी और समापन शांती पाठ के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं ने भी भाग लिया।

———————————————————————

अररिया की स्थानीय अदालत ने एक महिला से दुष्कर्म के मामले में एससी, एसटी एक्ट के तहत दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के घाटकुसुंबा प्रखंड के कोरमा गांव में करेंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।

———————————————————————

मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला कर पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक भी बरामद की गई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।